# मीरा सभागार की पृष्ठभागीय दीवार पर भित्ति-चित्रण

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित मीरा सभागार की पृष्ठभागीय दीवार पर चित्रकला विभाग द्वारा राजस्थान की लोक संस्कृति एवं पारंपरिक स्थापत्य कला पर आधारित भव्य भित्ति-चित्र का निर्माण किया गया। इस चित्र में राजस्थान के पारंपरिक प्रवेश द्वार (पोल), लोक अलंकरण, मोर, स्वस्तिक, पुष्प सज्जा तथा मरुस्थलीय जीवन के विविध प्रतीकों का सुंदर एवं संतुलित संयोजन प्रस्तुत किया गया है। चित्र के दोनों ओर राजस्थानी वेशभूषा में लोक कलाकारों को पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ लोकनृत्य एवं लोकसंगीत की आनंदमयी प्रस्तुति देते हुए दर्शाया गया है, जो प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं अतिथि सत्कार की भावना को सजीव रूप में अभिव्यक्त करता है। यह भित्ति-चित्र विश्वविद्यालय परिसर को कलात्मक एवं सांस्कृतिक पहचान प्रदान करने के उद्देश्य से चित्रकला विभाग द्वारा संपन्न किया गया।




महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
बीकानेर
दशम दीक्षान्त समारोह

